Civil Services (Main)
Examination- 2025

**SLPM–B–PSY**

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* आंतरिक संगति विश्वसनीयता के आकलन की विभिन्न विधियाँ क्या हैं? उनकी सामर्थ्य तथा सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

What are the different methods of estimating internal consistency reliability? Explain their strengths and limitations.

*(b)* अवसाद के संज्ञानात्मक-व्यवहारात्मक मॉडल का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the cognitive-behavioural model of depression.

*(c)* मानसिक रोग से ग्रसित रोगियों के उपचार में स्वतः सुधार प्रभाव (स्पॉन्टेनियस रिमिशन इफेक्ट) की व्याख्या कीजिए।

Explain spontaneous remission effect in the treatment of patients with mental illness.

*(d)* प्रबंधकीय प्रभावशीलता, प्रबंधक की तर्कशीलता और निर्णय लेने की क्षमताओं से प्रभावित होती है। शोधों की सहायता से इसका आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Managerial effectiveness is influenced by the reasoning and decision-making abilities of a manager. Critically evaluate with the help of researches.

*(e)* मनोविकृति व्यक्तित्व विकार के अनुबंधन मॉडल का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the conditioning model of psychopathic personality disorder.

**2.** *(a)* मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की प्रभावशीलता को निर्धारित करने वाले कारक क्या हैं? मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के उपयोग में नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

What are the factors that determine the efficacy of psychological tests? Discuss the ethical issues in the use of psychological tests. 15

*(b)* व्याख्या कीजिए कि व्यवहार चिकित्सा कैसे निश्चयपूर्वक मुकाबले (असर्टिव कोपिंग) को प्रोत्साहित करती है।

Explain how behaviour therapy encourages assertive coping. 15

*(c)* किशोरों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम को डिजाइन करने में शामिल की जा सकने वाली विभिन्न प्रभावी रणनीतियों का वर्णन कीजिए।

Describe the various effective strategies which can be incorporated in designing guidance programme for adolescents preparing for competitive examinations. 20

**3.** *(a)* सामाजिक परिवर्तन के लिए समुदाय के सदस्यों को नेताओं के रूप में तैयार करने के लिए किन व्यक्तित्व गुणों पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए?

What are the personality qualities to be focused on, for preparing community members as leaders for social change? 15

*(b)* क्या किसी संगठन में मानक क्रिस्टलीकरण की अवधारणा की प्रयोज्यता उस संगठन में परिवर्तनकारी नेतृत्व को प्रभावित कर सकती है?

Can the applicability of concept of norm crystallization in an organization affect transformational leadership in that organization? 15

(c) प्राथमिक रोकथाम क्या है? एक झुग्गी समुदाय में पदार्थ उपयोग विकार के लिए एक प्राथमिक रोकथाम कार्यक्रम तैयार कीजिए।

What is primary prevention? Chalk out a primary prevention programme for substance use disorder in a slum community. 20

4. (a) मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण लोगों के पुनर्वास के लिए सेवाओं को व्यवस्थित करने हेतु एक समुदाय-आधारित मॉडल प्रदान कीजिए।

Provide a community-based model for organizing services for rehabilitation of mentally challenged people. 15

(b) भारतीय प्रसंग में सामाजिक समस्याओं से निपटने के विशिष्ट सन्दर्भ के साथ सामाजिक परिवर्तन के लिए 'अधोमुखी (टॉप-डाउन)' और 'उर्ध्वमुखी (बॉटम-अप)' उपागमों की तुलना कीजिए।

Compare the 'top-down' and 'bottom-up' approaches to social change with specific reference to handling social problems in the Indian context. 15

(c) असंबोधित/अनिर्णीत (अनूरिज़ॉल्व्ड) आंतरिक संघर्ष से निपटने के लिए किस प्रकार का मनोवैज्ञानिक उपचार उपयुक्त है? व्याख्या कीजिए।

Which form of psychological treatment is suitable for dealing with unresolved inner conflicts? Explain. 20

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) वंचित होने के सांस्कृतिक परिणाम क्या हैं तथा इन्हें कैसे संबोधित किया जा सकता है?

What are the cultural consequences of being disadvantaged and how can these be addressed?

(b) सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on distance learning through IT.

(c) विभिन्न समूहों के सदस्यों के मध्य अन्तःक्रियाएँ स्व-समूह तथा बाह्य-समूह (इन-ग्रुप तथा आउट-ग्रुप) के सदस्यों की रेटिंग को प्रभावित कर सकती हैं। शोधों की सहायता से विवेचना कीजिए।

Interactions between members of diverse groups can affect the ratings of in-group and out-group members. Discuss with the help of researches.

(d) प्रदूषण प्रबंधन के लिए व्यवहारात्मक रणनीतियों की विवेचना कीजिए।

Discuss the behavioural strategies for managing pollution.

(e) भारतीय सन्दर्भ में लिंग भेदभाव के मुद्दों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the issues of gender discrimination in the Indian context.

6. *(a)* लंबे समय तक वंचना के मनोवैज्ञानिक परिणामों पर चर्चा कीजिए। इन परिणामों को दूर करने के लिए कौन-सी रणनीतियाँ अपनायी जा सकती हैं?

Discuss the psychological consequences of prolonged deprivation. What strategies can be adopted to overcome these consequences? 15

*(b)* उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा करने में उपभोक्ता जागरूकता के महत्त्व की चर्चा कीजिए। उपभोक्ताओं को सूचित निर्णय लेने के लिए कैसे सशक्त किया जा सकता है?

Discuss the importance of consumer awareness in protecting consumer rights. How can consumers be empowered to make informed decisions? 15

*(c)* धर्म के संघर्षों द्वारा विभाजित समुदायों के सामाजिक एकीकरण के लिए उपयोग होने वाले मनोवैज्ञानिक उपाय क्या हैं?

What are the psychological measures to be used for social integration of the communities divided by conflicts of religion? 20

7. *(a)* समूह प्रक्रियाओं के सन्दर्भ में सामाजिक सरलीकरण और सामाजिक अवरोध के संप्रत्ययों की व्याख्या कीजिए।

Explain the concepts of social facilitation and social inhibition in the context of group processes. 15

*(b)* एक आतंकवादी की मनोवैज्ञानिक रूपरेखा (प्रोफाइल) तैयार कीजिए। व्यक्तियों को आतंकवादी गतिविधियों की ओर ले जाने वाली सामान्य विशेषताएँ, अभिप्रेरणाएँ तथा विश्वास क्या हैं?

Prepare the psychological profile of a terrorist. What are the common characteristics, motivations and beliefs that drive individuals to terrorist activities? 15

*(c)* सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामाजिक वास्तविकताओं का निर्माण करने के मनोवैज्ञानिक परिणामों का वर्णन कीजिए। मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों द्वारा इन्हें कैसे रोका जा सकता है?

Describe the psychological consequences of constructing social realities on the basis of information gained through social media. How can these be checked by psychological interventions? 20

8. *(a)* उद्यमी को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए क्या प्रेरित करता है तथा वे चुनौतियों एवं विफलताओं का सामना करने के लिए प्रेरणा कैसे बनाए रखते हैं?

What motivates entrepreneurs to start and grow their business, and how do they maintain motivation in the face of challenges and setbacks? 15

*(b)* 'भीड़' के संप्रत्यय, इसके निर्धारक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य एवं स्वस्तिबोध (वेल-बीइंग) पर इसके प्रभाव की चर्चा कीजिए।

Discuss the concept of 'crowding', its determinants and impact on psychological health and well-being. 15

*(c)* सुरक्षाकर्मियों में सकारात्मक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए उनके साथ कार्य में मनोवैज्ञानिकों को किन मुख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तथा उन्हें कैसे संबोधित किया जा सकता है?

What are the key challenges that psychologists face when working with defence personnel in promoting positive health, and how can they be addressed? 20

★★★